# संचय
# SANCHAYA

रा ब सं
जनसेवा में 50 वर्षों से अधिक
NSI
Over 50 Years in Service of People

मासिक प्रकाशन | Monthly Publication

सितम्बर 2007 (अंक 172) | September 2007 (Issue 172)





श्री अजय निगम, संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, भारत सरकार, नागपुर 14 सितम्बर 2007 को केन्द्रीय कार्यालय नागपुर द्वारा आयोजित उद्घाटन समारोह में राष्ट्रीय बचत संस्थान के कर्मियो को संबोधित करते हुये दिखाई दे रहे है। साथ ही (बायें से दायें) श्री एस.के. त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक (मुख्यालय) राष्ट्रीय बचत संस्थान तथा श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक राष्ट्रीय बचत संस्थान भी दिखाई दे रहे है।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा 14 से 18 सितम्बर 2007 तक हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन

राष्ट्रीय बचत संस्थान, भारत सरकार, वित्त मंत्रालय ने 14 से 28 सितम्बर 2007 के दौरान नागपुर मुख्यालय पर हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया। इस पखवाड़े के आयोजन का मुख्य उद्देश्य दैनंदिन कार्यों में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देना था।

इस हिन्दी कार्यशाला का उद्घाटन श्री अजय निगम, संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक भारत सरकार ने किया। अपने उद्घाटन संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहाँ कि सूचना प्रौद्योगिकी के विकास के साथ साथ हिन्दी का प्रयोग राष्ट्रीय ही नहीं अपितु अंतर्राष्ट्रीय स्तरपर होने लगा है। उन्होंने आगे कहाँ कि हिन्दी एक सरल और आसान भाषा है और इसे समस्त अधिकारी और कर्मचारी मन बना ले तो हिन्दी में कार्य करना काफी आसान है। इस अवसर पर राष्ट्रीय बचत संस्थान के मुख्यालय द्वारा प्रकाशित हिन्दी पत्रिका ''संचय सौरभ'' का विमोचन भी मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। श्री अनिल भट्टाचार्य निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान ने कहाँ कि हिन्दी एक जीवन रेखा है और संस्थान के समस्त कर्मियों से यह अपील की कि वे राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूरा करें। श्री एस.के. त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक, मुख्यालय और प्रभारी राजभाषा ने हिन्दी को बढ़ावा देने के लिये कियेगये कार्यों की जानकारी दी। माननीय केन्द्रीय गृहमंत्री तथा वित्तमंत्री द्वारा इस अवसर पर प्राप्त संदेश का उन्होंने पठन किया।

इस अवसर पर पखवाड़े के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएँ जैसे – प्रश्नमंच, व्याख्यान, सुलेख,कवितापाठ का आयोजन किया गया। हिन्दी पखवाड़े के समापन के अवसर पर दिनांक 28.9.2007 को समापन समारोह का आयोजन कर विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को समारोह के मुख्य अतिथि श्री ज्वालाप्रसाद आई.एफ.एस., प्रमुख मुख्य वन संरक्षक, महाराष्ट्र सरकार के हाथों पुरस्कार प्रदान किये गये। श्री जे.पी. सिंह, हिन्दी अधिकारी ने कार्यक्रम का समन्वय किया।


राष्ट्रीय बचत संस्थान
NATIONAL SAVINGS INSTITUTE

http://nsiindia.gov.in.

राष्ट्रीय बचत संस्थान, सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स, सेमिनरी हिल्स, नागपुर National Savings Institute, CGO Complex, Seminary Hills, Nagpur




श्रीमती माया इवनाते माननीया महापौर, महानगर पालिका नागपुर और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि (बायें से दूसरा) राष्ट्रीय बचत संस्थान क्षेत्रीय केन्द्र नागपुर द्वारा संचयिका दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में डा. पन्ना अखानी, प्राचार्य एल.ए.डी. कॉलेज, नागपुर से स्मृति चिन्ह प्राप्त करती हुई दिखाई दे रही है। साथ ही श्री एस.के. त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक, मुख्यालय एन.एस.आई. (एकदम बाये) और श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक, एन.एस.आई., वित्त मंत्रालय भी दिखाई दे रहे हैं।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने पूरे देश में संचायिका दिवस मनाया।

राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष संचायिका दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष भी राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा संचायिका दिवस 15 सितम्बर 2007 को पूरे देश में क्षेत्रीय केन्द्रों के मुख्यालय पर मनाया गया। संचायिका दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य स्कूल जानेवाले बच्चों में बचपन से ही बचत की आदत का विकास करना एवं बैंकिंग कार्य पद्धति की जानकारी देना क्योंकि संचायिका योजना विद्यार्थियों द्वारा स्कूल में चलायी जाती है। संचायिका योजना के अंतर्गत जो रकम जमा होती है उसे डाकघर बचत खाते में जमा कर दिया जाता है। इसका प्रचालन स्कूल/कालेज के दो विद्यार्थी प्रतिनिधि आर प्राचार्य/हेडमास्टर के द्वारा किया जाता है।

क्षेत्रीय केन्द्रो द्वारा पूरे देश में मनाये गये संचायिका दिवस समारोह को देशभर के इलेक्ट्रानिक एवं प्रिंट मिडिया द्वारा प्रचारित एवं प्रसारित किया गया। राष्ट्रीय बचत संस्थान ने संचायिका दिवस पर एक विशेष विज्ञापन डी.ए.वी.पी. की मदद से देश के समाचार पत्रों में जारी किया।




श्री एस. ताराचंद, निदेशक, डाक लेखा बैंगलोर, संचयिका दिवस के अवसर पर एन.एस.आई. क्षेत्रीय केन्द्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते हुये दिखाई दे रहे है। साथ ही श्रीमती एस.सी. विजयालक्ष्मी, प्राचार्य, श्री शारदा विद्यापीठ स्कूल बैंगलोर, श्री टी. रामकृष्णया निदेशक, स्कूल मेनेजमेंट, और श्री बी. राजुबाबु क्षेत्रीय निदेशक, बैंगलोर केन्द्र भी दिखाई दे रहे है।




श्री मानिक चंद सुराना, चेअरमेन वित्त आयोग, राजस्थान, संचायिका दिवस के अवसर पर एन.एस.आई. क्षेत्रीय केन्द्र जयपुर द्वारा आयोजित समारोह में संचायिका के उत्कृष्ठ बचत विद्यार्थी को स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुये दिखाई दे रहेहै। साथ ही (बाये से दाये) श्री एम.के. मलहोत्रा, क्षेत्रीय निदेशक, एन.एस.आई. जयपुर केन्द्र, श्री पी.बी. सेन उपनिदेशक एवं श्री दीपक वर्मा क्षेत्रीय निदेशक (मुख्यालय) भी दिखाई दे रहे है।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने राजस्थान सरकार के अधिकारियों के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया।

राष्ट्रीय बचत संस्थान जयपुर केन्द्र द्वारा 19-20 सितम्बर 2007 के दौरान जयपुर में राजस्थान सरकार के अधिकारियों के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षणार्थीयों को वित्त मंत्रालय (भारत सरकार) के विभिन्न बचत उत्पादों की जानकारी प्रदान कर उनके ज्ञान को अद्यतन्त करना और उनके विपणीय क्षमता को विकसित करना था जिससे कि वे अपने राज्य में अधिक से अधिक बचत संसाधनों का एकत्रिकरण कर सके। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन श्रीमती छाया भटनागर, निदेशक, अल्प बचत राजस्थान सरकार ने किया। अपने उद्घाटन संबोधन में उन्होंने इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम को आयोजित करने के लिये राष्ट्रीय बचत संस्थान के प्रयासो की सराहना की और आशा व्यक्त की कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अधिकारियों को क्षेत्र में कार्य करने में और अधिक प्रभावकारी और कार्यकुशल बनायेगा।

श्री दीपक वर्मा क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ) नागपुर, श्री एम.के. मलहोत्रा, क्षेत्रीय निदेशक जयपुर, श्री पी.बी. सेन, उप निदेशक श्रीमती रागिनी, सहायक निदेशक एन.एस.आई. ने प्रशिक्षण प्रदान किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विषयों जैसे संप्रेषण, विक्रय प्रोत्साहन एवं प्रचार एजेंसी प्रणाली विभिन्न उत्पादों का अध्ययन इत्यादि विषय शामिल थे। कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षणार्थीयों ने इस कार्यक्रम को काफी उपयोगी बताया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 24 अधिकारियों ने भाग लिया।




राष्ट्रीय बचत संस्थान जयपुर केन्द्र द्वारा आयोजित संचायिका दिवस के अवसर पर श्री एस.के. सन्धु आई.ए.एस. वित्त सचिव चंडीगढ केन्द्रशासित प्रदेश संचायिका के उत्कृष्ठ बचत विद्यार्थी को पुरस्कार प्रदान करते हुए। साथ में श्रीमती राजी पी. श्रीवास्तव आई.ए.एस. विशेष वित्त सचिव केन्द्रशासित प्रदेश चंडीगढ।

# अप्रैल से जुलाई 2007 के लिए अल्प बचत संग्रहण

*(करोड रुपये)*

| क्र. सं. | क्षेत्र / राज्य | सकल | शुद्ध | सकल | शुद्ध |
|---|---|---|---|---|---|
| | | जुलाई 2006 तक | | जुलाई 2007 तक | |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 3108.29 | 1062.83 | 3005.54 | -116.65 |
| 2. | अरूणाचल प्रदेश | 28.72 | 12.41 | 24.87 | 7.34 |
| 3. | असम | 477.77 | -273.63 | 437.60 | -190.68 |
| 4. | अंदमान निकोबार द्वीप | 10.13 | 6.56 | 7.65 | 0.75 |
| 5. | आर्मी पोस्ट ऑफीसेस | 79.75 | -0.62 | 92.30 | -39.34 |
| 6. | बिहार | 1596.64 | 578.76 | 1839.00 | 300.75 |
| 7. | झारखंड | 701.75 | 325.17 | 607.83 | -22.94 |
| 8. | चंडीगढ | 135.67 | -15.75 | 115.10 | -77.26 |
| 9. | दमण एवं दीव | 88.79 | 47.19 | 148.79 | -13.85 |
| 10. | दिल्ली | 2036.93 | 549.75 | 1430.41 | -657.15 |
| 11. | गोवा | 150.25 | 79.17 | 109.48 | 3.20 |
| 12. | गुजरात | 4546.24 | 1583.99 | 3922.25 | -746.45 |
| 13. | हरियाणा | 1574.19 | 397.20 | 1426.87 | -205.71 |
| 14. | हिमाचल प्रदेश | 723.16 | 222.95 | 776.90 | 13.25 |
| 15. | जम्मू व कश्मीर | 460.28 | 140.08 | 521.09 | -27.24 |
| 16. | कर्नाटक | 2289.96 | 579.73 | 1641.00 | -490.11 |
| 17. | केरल | 1617.50 | 527.84 | 1272.09 | -130.82 |
| 18. | लक्षद्वीप | 0.92 | 0.73 | 0.48 | 0.08 |
| 19. | मध्य प्रदेश | 1450.26 | 521.65 | 1286.54 | -183.56 |
| 20. | छत्तीसगढ | 470.91 | 202.24 | 458.15 | -8.14 |
| 21. | महाराष्ट्र | 5295.39 | 1807.71 | 4039.14 | -541.83 |
| 22. | मणिपुर | 27.71 | 3.60 | 19.40 | -5.15 |
| 23. | मेघालय | 43.38 | 5.33 | 48.66 | -6.35 |
| 24. | मिझोरम | 30.24 | 3.46 | 27.65 | -2.87 |
| 25. | नागालैंड | 15.88 | 6.65 | 9.49 | -1.31 |
| 26. | उडीसा | 835.61 | 322.13 | 845.70 | 21.01 |
| 27. | पांडीचेरी | 40.18 | 5.51 | 30.84 | -16.03 |
| 28. | पंजाब | 2808.28 | 717.73 | 2702.54 | -476.72 |
| 29. | राजस्थान | 2170.52 | 439.52 | 2152.78 | -559.66 |
| 30. | सिक्कीम | 9.26 | 2.04 | 13.75 | -5.74 |
| 31. | तमिलनाडू | 3429.89 | 1163.12 | 2568.67 | -477.82 |
| 32. | त्रिपूरा | 126.49 | 45.72 | 116.13 | -6.78 |
| 33. | उत्तर प्रदेश | 4530.76 | 1504.90 | 4964.73 | 28.13 |
| 34. | उत्तरांचल | 665.80 | 220.91 | 685.93 | 32.14 |
| 35. | पश्चिम बंगाल | 5690.53 | 2444.52 | 5117.17 | -91.32 |
| | कुल | 47268.03 | 15241.14 | 42466.51 | -4694.82 |

टिप्पणी : डाक विभाग नई दिल्ली से प्राप्त आंकडे समायोजन के अधीन है। इन आंकडों में पी.पी.एफ. एवं एस सी एस एस (बैंक) संग्रह शामिल नहीं हैं।

SHIVRAJ (D.G.P.S.) NAGPUR